4. पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए।

सेवा में,

श्रीमान प्रबंधक महोदय

देवलोक

251/डी० शास्त्री नगर

प्रेम विहार, रोहतक

विषय - पुस्तकें भिजवाने का अनुरोध।

महोदय,

मुझे निम्नलिखित पुस्तकों की शीघ्र आवश्यकता है। मैं चाहती हूँ कि आप मुझे ये पुस्तकें वी०पी०पी० द्वारा शीघ्र भिजवाने का प्रबंध करें। अग्रिम राशि स्वरूप मैं आपको 200 रु० भेज रही हूँ। ध्यान रहे कि ये पुस्तकें नवीन संस्करण की हों व कटी-फटी न हों। कृपया उचित कमीशन काटकर बिल भी साथ ही भेज दें।

पुस्तकों की सूची निम्नवत् है-

1. आधारिका -5 (10 प्रतियाँ)
2. व्याकरण रस - 6 (8 प्रतियाँ)

धन्यवाद सहित

भवदीया

अनीता चौहान

401/402 शिव शक्ति नगर

मेरठ